*This Question Paper contains 16 printed pages.*
*(Part - A & Part - B)*
Sl.No. 0108359

| પ્રશ્ન પેપરનો સેટ નંબર જેની સામેનું વર્તુળ OMR શીટમાં ઘટ્ટ કરવાનું રહે છે. Set No. of Question Paper, circle against which is to be darken in OMR sheet. |
| --- |
| **01** |

# 14 (H)

**(MARCH, 2019)**

**(Old Course)**

**Part - A : Time : 1 Hour / Marks : 50**
**Part - B : Time : 2 Hours / Marks : 50**

## (Part - A)

***Time : 1 Hour]*** ***[Maximum Marks : 50***

**सूचनाएँ :**

1) इस प्रश्न पत्र में **Part - A** में वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल **50** प्रश्न है । सभी प्रश्न अनिवार्य है ।

2) प्रश्नों की क्रम संख्या **1** से **50** है । हरेक प्रश्न का गुण **1** है ।

3) प्रश्न पुस्तिका को अच्छी तरह पढ़ना और सही विकल्प को लिखना ।

4) आपको अलग से दिए गये O.M.R पत्रक में प्रश्नों के सामने (A) O, (B) O, (C) O और (D) O दिए गये है । जिस प्रश्न का उत्तर सही हो उस विकल्प के गोलाकार को पेन से पूर्ण गाढ़ा (●) करना होगा ।

5) दिए गये प्रश्नपत्र में उपर दाहिनी ओर प्रश्नपत्र सेट नंबर को O.M.R शीट में उपलब्ध कॉलम में लिखिए ।

---

1) श्रीकृष्ण क्या बनकर मीरां की पीड़ा मिटा सकते हैं?

(A) मित्र

(B) दवा

(C) वैध

(D) जादूगर

2) भारतवासी किनकी सन्तान है?

(A) देवों की

(B) आर्यों की

(C) यक्षों की

(D) द्रविड़ो की

3) ........... हर दम हँसती रहती है।

(A) कली

(B) नदी

(C) मिट्टी

(D) बगिचा

4) 'टूटा पहिया' काव्य किसके आधार पर लिखा गया है?

(A) महाभारत

(B) वेद

(C) रामायण

(D) पंचतंत्र

5) मानवता के माप दंड है ..............

(A) भगत सिंह के विचार

(B) स्नेह और बलिदान

(C) त्याग और दान

(D) गांधीजी के सिद्धांत

6) मनियार क्या सजाता है?

(A) घर

(B) कपड़े

(C) मंडप

(D) चुडियाँ

7) कवि नीरज का संदेश क्या है?

(A) बढ़ो और बढ़ने दो

(B) जियो और जीने दो

(C) जागो और जगाओ

(D) पढ़ो और पढ़ने दो

8) तुलसी वन कब झरेगें?

(A) धूप ढलने पर

(B) सूर्यास्त होने पर

(C) दोपहर होने पर

(D) सूर्योदय होने पर

9) 'दूर ही दूर से बुलाता है' काव्य का साहित्य प्रकार क्या है?

(A) पद

(B) सवैया

(C) गज़ल

(D) गीत

10) धरती पर किसकी पूजा होगी?

(A) अन्नदाता की

(B) धनवान की

(C) मेहनत कश इन्सान की

(D) देवता की

11) किराए के मकान में ................ रहता है।

(A) चेलाराम

(B) हवेलीराम

(C) चमेलीचंद

(D) मेवाराम

12) लक्ष्मण राम के माथे पर क्या नहीं देख सकते?

(A) चिन्ता की रेख

(B) सूर्यास्त की लाली

(C) पसीने की बूँदें

(D) साधारण मुकुट

13) राधा किस की बेटी है?

(A) राजा की

(B) बाह्मण की

(C) क्षत्रिय की

(D) आहीर की

14) अपना तेज खो चुकी बिजलियों को कविने क्या कहा?

(A) निष्कलंक

(B) निष्प्राण

(C) बुझी हुई

(D) निस्तेज

15) मर्द ने हाथ में क्या लिया है?

(A) छाता

(B) बक्सा

(C) बेग

(D) सूटकेस

16) ममता ने ............... का पालन किया।

(A) मानव धर्म

(B) राज धर्म

(C) हिन्दु धर्म

(D) अतिथि धर्म

17) अमीर ने बेटी को कहाँ भेज दिया?

(A) बाजार में

(B) ननिहाल में

(C) ससुराल में

(D) पड़ोस में

18) कष्ट सहन करने में ............... दक्ष है।

(A) महिलाएँ

(B) तपस्वी

(C) किसान

(D) सैनिक

19) 'कर कमल हो गए' पाठ के लेखक ............... हैं।

(A) हिमांशु जोशी

(B) सुदर्शन

(C) हरिशंकर परसाई

(D) प्रेमचंद

20) कमाई के कितने पैसे गोबर की कमर में बंधे थे?

(A) पाँच सौ रूपये

(B) दो सौ रूपये

(C) तीन सौ रूपये

(D) चार सौ रूपये

21) लेखक साम्यवाद का व्यवहारिक प्रचारक किन्हें मानता है?

(A) नेताओं को

(B) चोरों को

(C) साधुओं को

(D) भिखारियों को

22) 'आत्म शिक्षण' एक ..................... कहानी है।

(A) मनोवैज्ञानिक

(B) सामाजिक

(C) वैज्ञानिक

(D) धार्मिक

23) गौरा की मृत्यु कब हुई?

(A) संध्या काल में

(B) आधी रात को

(C) सूर्योदय के बाद

(D) ब्रह्म मुहूर्त में

24) गर्भगृह में भीषण धमाका हुआ और ....................

(A) प्रकाश फैल गया

(B) मंदिर टूट पड़ा

(C) सूर्य देवता की मूर्ति अदृश्य हो गई

(D) विशु के मुह से आह निकली

25) सिंगापुर का प्राचीन नाम ................ था।

(A) नामसेक

(B) मनीला

(C) बगदाद

(D) मिलान

26) हम बढ़ते जरूर है पर ................ नहीं होते।

(A) आलसी

(B) विकसित

(C) शिक्षित

(D) स्वस्थ

27) ............ की भावना से मनुष्य की आत्मा ओत प्रोत रहनी चाहिए।

(A) क्रांति

(B) धर्म

(C) वीरता

(D) अहिंसा

28) मुरली राजाराम पेठकर किस गाँव का रहने वाला था?

(A) इस्लामाबाद

(B) इस्लामापुरी

(C) असलमपुर

(D) इस्लामपुर

29) दत्तादा अपने टेलिस्कोप को ................ कहते थे।

(A) दिव्य लोचन

(B) दिव्य दृष्टि

(C) दिव्य चक्षु

(D) दिव्य सृष्टि

30) नर्मदा का दूसरा नाम क्या है?

(A) रेवा

(B) गौरी

(C) विन्ध्या

(D) शिवा

31) निम्नलिखित संधि में से कौन–सी संधि गलत है?

(A) महोत्सव = महा + उत्सव

(B) सर्वोत्तम = सर्व + ओत्तम

(C) परमेश्वर = परम + ईश्वर

(D) स्वच्छ = सु + अच्छ

32) निम्नलिखित शब्दों का सही संधिविग्रह बताइए।

गौरांगिनी =

(A) गौरां + गिनी

(B) गौरांगि + नी

(C) गौ + रांगिनी

(D) गौर + अंगिनी

33) निम्नलिखित में से द्विगु समास बताइए।

(A) करकमल

(B) त्रिलोक

(C) स्वदेश

(D) प्रियदर्शन

34) 'नवयुवक' कौन सा समास है?

(A) कर्मधारय समास

(B) बहुव्रीहि समास

(C) द्वन्द्व समास

(D) मध्यम पदलोपी समास

35) 'गिरधारी' शब्द के लिए उचित शब्द समूह ..............

(A) गिरी की धारा

(B) पर्वत वाली धरती

(C) गिरी की धरा

(D) पर्वत को धारण करने वाला

36) 'जो आवश्यक न हो' के लिए एक शब्द बताइए।

(A) अनावश्यक (B) नावश्यक

(C) निरावश्यक (D) बिनावश्यक

37) भूतकाल में इस प्रकार सही लिखा जा सकता है ............

(A) ममता को जल पीना चाहिए

(B) ममता ने जल पीना चाहा था

(C) ममता ने जल पीना चाही

(D) ममता जल पीना चाहा

38) 'गाय को सूई खिला दी गई है।' काल बताइए ........

(A) भूतकाल (B) भविष्यकाल

(C) पूर्ण वर्तमान काल (D) सामान्य वर्तमान काल

39) 'स्वस्थ' की भाववाचक संज्ञा .............

(A) स्वास्थय

(B) स्वसध्यता

(C) स्वास्थ्य

(D) अस्वरस्थ

40) निम्नलिखित शब्द की भाववाचक संज्ञा बताइए ............. 'कारीगर'

(A) कारीगरत्व (B) कारीगरी

(C) कारीगरता (D) कारी गरिता

41) 'चिकित्सा' की कर्तृवाचक संज्ञा .......... है।

(A) चिकित्सा कर्ता
(B) चिकित्सुक
(C) चिकित्सकीय
(D) चिकित्सक

42) कर्तृवाचक की सही जोड़ बनाइए –

(A) पुण्य – पुण्यदार
(B) पुण्य – पुण्यशाली
(C) पुण्य – पुण्यकार
(D) पुण्य – पुण्यात्मा

43) पर्यायवाची शब्द की गलत जोड़ बताइए –

(A) विलम्ब – देर
(B) पंक्ति – कतार
(C) नयन – नेत्र
(D) स्मृति – विस्मृति

44) पर्यायवाची शब्द की सही जोड़ बताइए :

(A) तिमिर – अंधकार
(B) आश्रय – निराश्रय
(C) भिक्षु – सम्राट
(D) ज्यादा – कम

45) 'पुरस्कार' शब्द का विलोम शब्द बताइए :

(A) इनाम
(B) तिरस्कार
(C) दंड
(D) आविष्कार

46) विरोधी शब्दों की गलत जोड़ बताइए :

(A) निर्माण – निर्वाण
(B) जीवन – मृत्यु
(C) शुभ – अशुभ
(D) ग्राहक – विक्रेता

47) 'मन भारी होना' मुहावरें का सही अर्थ बताइए :

(A) क्रोध आना

(B) उदास होना

(C) गहरी नींद आना

(D) काँप ने लगना

48) 'सब जगह बलवान की ही विजय होती है' यह अर्थ बताने वाली कहावत ............

(A) अँधेर नगरी, चौपट राजा

(B) अपनी गली में कुत्ता भी शेर

(C) नाम बड़े और दर्शन छोटे

(D) जिसकी लाठी उसकी भैंस

49) 'स्थानवाचक' क्रिया विशेषण बताइए –

(A) सामने

(B) और

(C) थोड़ा

(D) चुपचाप

50) 'ताला लड़ नहीं सकता। लड़े भी तो जीत नहीं सकता'। – किस संयोजक का प्रयोग करने पर संयुक्त वाक्य बनेगा ?

(A) तथा

(B) तो

(C) और

(D) पर

# 14 (H)

(MARCH, 2019)

(Old Course)

## (Part - B)

*Time : 2 Hours]* *[Maximum Marks : 50*

**सूचनाएँ :**

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए।

2) प्रश्नपत्र के **Part - B** में चार विभाग है और कुल **1** से **21** प्रश्न है।

3) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। आंतरिक विकल्प दिये गये है।

4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए है।

5) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए।

6) प्रश्नों का जवाब क्रमानुसार दीजिये।

### विभाग- A

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए :** (पाँच में से किन्ही चार) **[8]**

1) मथुरा जाने के बाद कृष्ण की क्या स्थिति हुई?

2) किन किन परिस्थितियों में मिट्टी हरदम हँसती रहती है?

3) कवि अश्वा कहाँ सिर टेकना नहीं चाहते? क्यों?

4) देश मेहनतकश इंसान पर क्यों गर्व करता है?

5) सागर का मन्थन दूसरी बार क्यों होगा?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए :** (तीन में से किन्ही दो) [4]

6) लड़के को दुअन्नी कैसे मिली?

7) मनुष्य निराशा के भार से कब मुक्त बन पाता है?

8) यज्ञ का आयोजन क्यों किया गया?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए :** (दो में से किसी एक) [3]

9) गौरा की मृत्यु किस प्रकार हुई?

10) श्रेयाने अपनी सासु माँ से क्या आग्रह किया? क्यों?

## विभाग - B

■ **रूप रेखा के आधार पर कहानी लिखकर शीर्षक एवं बोध लिखिए :** [5]

11) एक कमजोर लड़का – दो बार एक ही कक्षा में अनुत्तीर्ण होना – जंगल में आत्महत्या करने जाना – वृक्ष पर चढ़ ने के लिए बंदर के बच्चें को बार–बार गिरते और प्रयत्न करते देखना – लड़के का उत्साह लौट आना – प्रयत्न से उत्तीर्ण होना – सीख।

■ **निम्नलिखित पद्यांशों का भावार्थ (विचार विस्तार) स्पष्ट कीजिए :** (दो में से एक) [5]

12) अमर रहेगी इतिहासों में
गाथा इस अभियान की
पूजा होगी अब धरती पर,
मेहनतकश इन्शान की

अथवा

ऊँच नीच का भेद न माने,
वही श्रेष्ठ ज्ञानी है।
दया–धर्म जिसमें हो,
सबसे वही पूज्य प्राणी है।

## विभाग - C

■ **परिच्छेद को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** [5]

इस धरती पर प्रभु की सर्वोत्तम रचना मानव है, परन्तु वह सर्वश्रेष्ठ क्यों? सम्भवतः कम लोग ही इसका रहस्य जानते हैं। इस धरती के सभी जीव जन्तुओं एवं प्राणधारियों में सोना, खाना, पीना, बच्चे पैदा करना आदि अधिकांश बातें समान है। विशेषता है तो केवल मानव के धर्म की, जीवन में कर्तव्य और ज्ञान की। यह कैसी विडम्बना है कि मानव इस धरती का सर्वश्रेष्ठ होने के बावजूद यह नहीं सोच पाता है कि वह इस संसार में क्यों आया है? उसे क्या करना है, कहाँ जाना है? तथा उसके जीवन का ध्येय क्या है? उदेश्य क्या है? इन बातों पर विचार करने के बजाय वह अपने शरीर को सुख देने वाले कार्यों में लिप्त रहता है। किन्तु वह भूल जाता है कि यह शरीर कितना गन्दा है, इससे निकलनेवाली प्रत्येक वस्तु कितनी दुर्गन्ध युक्त और अपवित्र है। आँख, कान, नाक और गुदा द्वारा गन्दा मल निकलता है, जिन्हें एक क्षण के लिए भी हम अपने पास नहीं रख सकते है। किन्तु वही मल जब-तक शरीर के अन्दर होता है तब तक इसमें किसी भी प्रकार की गन्ध नहीं आती, क्यों कि उसे शुद्ध करनेवाली आत्मा शरीर में होती है। इस आत्मारूपी शक्ति को जानने की तथा उसे उद्ग्रीव करने के लिए कभी सोचा? कभी प्रयत्न किया? योग साधना इसका मार्ग है। योग-साधना ही मनुष्य को सर्वोत्तम प्राणी सिद्ध कर सकती है।

13) प्रभु की सर्वोत्तम रचना कौन सी है?

14) कौन-कौन सी बातें जीव-जन्तु तथा प्राणधारियों में समान है?

15) मानव जीवन की विडम्बना क्या है?

16) योगसाधना किसका मार्ग है?

17) इस परिच्छेद के लिए उचित शीर्षक दीजिए।

■ **निम्नानुसार पत्र लिखिए –** [5]

18) 5, शारदा सोसायटी, अलकापुरी राजकोट से भाविक अपने मित्र धवल को चक्षुदान का महत्व बताते हुए पत्र लिखता है।

19) अपने विद्यालय में मनाए गए 'वन महोत्सव' के बारें में करीब पचास शब्दों में अहवाल (वृत्तांत) लिखिए। [5]

## विभाग - D

■ **भाषाशुद्धि को ध्यान में रखकर परिच्छेद फिर से लिखिए :**

20) हवायें अभी भी महीन कुहरा छाई हुयी थी। लोगों का आना शुरू हो गया था। मन्दिरों में घण्टी बजने लगी थी। [2]

■ **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए :**

धरती के अनन्त उपकार [8]

21) धरती – हमारी माता – धरती की उदारता – धरती के उपकार – खाद्य पदार्थ – बहुमूल्य खनिज – आलीशान भवन – धरती के प्रति हमारा व्यवहार – चेतावनी की उपेक्षा – अन्त।

अथवा

'जरा याद करो कुरबानी' ........... शीर्षक को ध्यान में रखकर 150 शब्दों में निबंध लिखिए :

परतंत्र देश की यंत्रणाएँ – स्वातंत्र्य हेतु आंदोलन – अंग्रजों के जुल्म – युवा सेनानियों का मुकाबला करना – अपने जीवन को देश के लिए न्योछावर करना – प्रथम शहीद मंगल पांडे की कुरबानी – भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद, रामप्रसाद – बिस्मिल आदि की कुरबानी – जलियाँवाला बाग में हजारों लोगों का बलिदान – वर्तमान भारत की दुर्दशा – समय आने पर कुरबानी याद करें – प्रेरणा लेना।

✈ ✈ ✈